# !! फल योग कार्यकारिणी बैठक !!

अखिल भारतवर्षीय महेश्वरी महिला संगठन की द्वादश सत्र की तृतीय कार्यकारिणी बैठक एवं अवॉर्ड सेरेमनी छत्तीसगढ़ प्रदेशिक माहेश्वरी महिला संगठन के आयोजकत्व मैं दिनांक 2- 3 मार्च 2023 को रायपुर मैं स्थित माहेश्वरी भवन मे सफलतापूर्वक संपन्न हुई। 2 मार्च को प्रातः भगवान महेश की वंदना अर्चना के पश्चात अखिल भारतीय महिला सेवा ट्रस्ट की बैठक रखी गई जिसमें 3 वर्ष का लेखा-जोखा तथा संपूर्ण सत्र में बने ट्रस्टी, विशिष्ट ट्रस्टी, संरक्षक ट्रस्टी बहनों का अभिनंदन किया गया तथा आगामी सत्र हेतु इंदौर वासी श्रीमती ललिता जी मालपानी को अध्यक्ष तथा नागपुर वासी श्रीमती मीना जी सांवल को सेक्रेटरी घोषित किया।

**उद्घाटन समारोह-** छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा छत्तीसगढ़ी भाषा एवं संस्कृति के अनुरूप स्वागत गीत व नृत्य द्वारा सभी का अभिनंदन सत्कार किया गया। प्रदेश मंत्री भावना राठी ने सुंदर शाब्दिक संचालन के साथ पदाधिकारियों को मंचासीन करवाया । उद्घाटनकर्ता राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती आशा जी महेश्वरी , मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमती मंजू बांगड़ कार्यक्रम अध्यक्ष राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ज्योति राठी विशिष्ट अतिथि संगठन मंत्री शैला जी कलंत्री निवर्तमान अध्यक्ष कल्पना जी गगरानी अति सम्माननीय अतिथि आदरणीय रतनी मां सम्मानीय अतिथि महासभा कार्यालय मंत्री श्री नारायण जी राठी प्रदेश अध्यक्ष श्री सुरेश जी मूंदड़ा की उपस्थिति मंच पर चांद चांद लगा रही थी। सभी सम्मानीय राष्ट्रीय पदाधिकारी गण , मार्गदर्शक संरक्षक मंडल की सभी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बहने लता जी लाहोटी , गीता जी मूंदड़ा , विमला जी साबू , शोभा जी सादानी विभिन्न अंचलों में विभिन्न प्रदेशों की विभूतियां कार्यकारी मंडल के सभी सदस्य गण तथा आयोजक मंडल एवं रायपुर का महेश्वरी समाज इस बैठक को भव्यता प्रदान कर रहे थे। जिला अध्यक्ष शशि कला जी ने शाब्दिक उद्बोधन द्वारा अतिथियों का सम्मान किया । प्रदेश अध्यक्ष अमिता जी मूंदड़ा ने अपने स्वागत उद्बोधन में अपनी वाकपटुता शैली का अद्‍भुत परिचय दिया। समस्त अतिथियों ने आशीर्वचन व शुभकामना संदेश द्वारा संगठन के कार्यों की सराहना की। निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष कल्पना जी ने महिला सशक्तिकरण पर प्रेरक वक्तव्य दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा जी ने 3 वर्षीय कार्यकाल में हुए विशेष कार्यक्रमों के साथ-साथ पदाधिकारियों वह कार्यकर्ताओं के सहयोग समर्पण की प्रशंसा की जिनके बिना सत्र अभूतपूर्व नहीं बन सकता था। महामंत्री मंजू बांगड़ ने अपने मंजुल भाव से सभी बहनों में उर्जा का प्रादुर्भाव किया तथा द्वादश सत्र के सभी कार्यक्रमों का विवरण पीपीटी प्रेजेंटेशन द्वारा प्रस्तुत किया। राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष ज्योति जी राठी ने शंखनाद कोटा अधिवेशन व सत्र के संपूर्ण आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया। कार्यालय मंत्री मधु जी बाहेती ने स्मारिका सोपान की जानकारी दी। संगठन मंत्री शैला जी कलंत्री ने सत्र में बने नए संगठनों की जानकारी दी। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रदेश की झांकी श्रद्धा जी की जुबानी स्लाइड शो द्वारा प्रस्तुत की जो आकर्षण का केंद्र रही। आयोजक संस्था द्वारा धन्यवाद ज्ञापन दिया गया।

**द्वितीय सत्र** जोश जुनून चकाचौंध से भरा सम्मान समारोह अवॉर्ड सेरेमनी किसी फिल्म फेयर अवॉर्ड फंक्शन से कम नहीं रहा जिसका सूत्रसंचालन पूर्वांचल संयुक्त मंत्री श्रीमती गिरजा सहाड़ा ने बड़े मनोरंजन से भरपूर अंदाज में किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा जी माहेश्वरी ने सभी प्रदेशों को सिल्वर गोल्ड डायमंड कैटेगरी से

अलंकृत करते हुए प्रदेश के  अध्यक्ष मंत्री कार्यसमिति को उनके विशेष कार्यों का उल्लेख करते हुए सम्मानित किया। सभी समिति प्रभारी  आंचलिक सह प्रभारियों को गोल्डन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने हेतु बधाई देते हुए सम्मानित किया। सभी पूर्व अध्यक्ष व संरक्षक मंडल परामर्शदाता बहनों को भी राष्ट्रीय मंच से सम्मानित किया। और सभी केंद्रीय पदाधिकारियों महामंत्री मंजू बांगड़ कोषाध्यक्ष ज्योति राठी संगठन मंत्री शैला जी कलंत्री एवं कार्यालय मंत्री मधु जी बाहेती को भी उनके अभूतपूर्व सहयोग का उल्लेख करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सम्मानित किया। अंत में सभी केंद्रीय पदाधिकारियों ने एवं पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बहनों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा जी महेश्वरी को सफल कार्यकाल के लिए बधाई देते हुए विशिष्ट अंदाज में अभिनंदन किया।

3 मार्च को सभी प्रदेशों के नव चयनित अध्यक्ष व मंत्रियों का राष्ट्रीय मंच पर अभिनंदन किया गया। राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने आयोजक छत्तीसगढ़ प्रदेश एवं रायपुर के सभी पदाधिकारियों, टॉप टू बॉटम टीम एवं समस्त कार्यकर्ताओं का उनकी सहभागिता हेतु सम्मानित किया और आयोजन से संबंधित सभी व्यवस्थाओं आगमन से प्रस्थान तक आवास से भोजन तक, सुंदर आतिथ्य, मन को छूने वाली मेहमान नवाजी सभी काबिले तारीफ थी। तत्पश्चात राष्ट्रीय महिला संगठन के त्रयोदश सत्र के पदाधिकारियों एवं टीम की घोषणा राष्ट्रीय अध्यक्ष आशा जी द्वारा सभी राष्ट्रीय पूर्व अध्यक्षों अग्रज बहनों के सानिध्य में की गई।

राष्ट्रीय अध्यक्ष - **श्रीमती मंजू बांगड़** (कानपुर)

राष्ट्रीय महामंत्री - **श्रीमती ज्योति राठी**  (रायपुर)

राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष - **श्रीमती किरण लड्ढा** (दिल्ली)

राष्ट्रीय संगठन मंत्री- **श्रीमती ममता मोदानी** (भीलवाड़ा )

पूर्वांचल उपाध्यक्ष -**श्रीमती गिरिजा सारडा** (नेपाल)

संयुक्त मंत्री- **श्रीमती निशा लड्ढा** (कोलकाता)

पश्चिमांचल उपाध्यक्ष - **श्रीमती मधु बाहेती** (कोटा)

संयुक्त मंत्री- **श्रीमती शिखा भादादा** (भीलवाड़ा)

मध्यांचल उपाध्यक्ष **श्रीमती उर्मिला कलंत्री** (अहमदाबाद)

संयुक्त मंत्री **श्रीमती अनीता जावदिया** (बनखेड़ी)

उत्तरांचल उपाध्यक्ष **श्रीमती मंजू मानधना** (दिल्ली)

संयुक्त मंत्री- **श्रीमती मंजू हरकुट** (मेरठ)

दक्षिणांचल उपाध्यक्ष - **श्रीमती अनुसूया मालू** ( कोल्हापुर )

संयुक्त मंत्री **श्रीमती रेनू सारडा** (हैदराबाद)

नवनिर्वाचित टीम के सभी पदाधिकारियों का बड़े हर्षोल्लास से सदन में स्वागत व अभिनंदन हुआ। नव सत्र के अध्यक्ष एवं महामंत्री के  परिवारजनो की उपस्थिति ने इस अवसर पर विशेष आकर्षण का केंद्र रही। नव चयनित अध्यक्ष ने बहुत ही हृदय ग्राही उद्बोधन देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया तथा सभी के सहयोग की कामना करते हुए आगामी सत्र को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन को आधार बनाते हुए राममय सत्र की परिकल्पना का विचार प्रस्तुत किया

**प्रविसि  नगर कीजे सब काजा !**

**हृदय राखि कोसलपुर राजा !!**

रामायण की इसी चौपाई के साथ अपनी वाणी को विराम दिया।